C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:50 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:26 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 279 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 5 मई 2026

लड़खड़ाई भूत बंगला......पेज-3 पर

## बंगाल में भाजपा की जीत पर हल्द्वानी भाजपा कार्यालय में जश्न

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भाजपा कुमाऊँ संभाग कार्यालय हल्द्वानी में कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा । उन्होंने मिष्ठान वितरण और आतिशबाजी के बीच ढोल-नगाड़ों पर डांस कर विजय का जश्न मनाया इस स्वर पर जिलाअध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने कहा कि असम, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत ने यह सिद्ध कर दिया कि देश की जनता का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गहरा विश्वास है यह विजय उन विपक्षियों के लिए मुंहतोड़ जवाब है, जो तुष्टिकरण की राजनीति में विश्वास रखते हैं।



यह विजय उन विपक्षियों के लिए मुंहतोड़ जवाब है, जो तुष्टिकरण की राजनीति में विश्वास रखते हैं। पश्चिम बंगाल मे बांग्लादेशीयों को घुशपेठ कराकर माहौल खराब किया गया था और पश्चिम बंगाल की जनता ने भाजपा पर विश्वास कर नेतृत्व सौपा है और भाजपा सरकार प्रदेश का विकास कर गुंडाराज खत्म करेगी।

इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट , ध्रुव रौतेला , कौस्तुभानंद जोशी , जिला महामंत्री रंजन बर्गली , विनीत अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष नवीन भट्ट , प्रतिभा जोशी , प्रताप बोहरा , श्रीमती प्रगति जैन , जिला मंत्री प्रताप रैक्वाल , सोशल मीडिया संयोजक( महिला मोर्चा) श्रुति तिवारी, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष कंचन उप्रेती , जिला महामंत्री आभा गोस्वामी, राशि जैन, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा विजया लक्ष्मी चौहान, विनोद तिवारी, पुनम जोशी, मोहन पाठक, प्रदेश पदाधिकारी एवं मंडलों के अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, एवं मोर्चों के वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, दर्जा राज्य मंत्री सुरेश भट्ट , ध्रुव रौतेला, कौस्तुभानंद जोशी , जिला महामंत्री रंजन बर्गली , विनीत अग्रवाल , जिला उपाध्यक्ष नवीन भट्ट , प्रतिभा जोशी , प्रताप बोहरा , प्रगति जैन , जिला मंत्री प्रताप रैक्वाल , सोशल मीडिया संयोजक( महिला मोर्चा) श्रुति तिवारी, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष कंचन उप्रेती , जिला महामंत्री आभा गोस्वामी, राशि जैन, प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा विजया लक्ष्मी चौहान, विनोद तिवारी, पुनम जोशी, मोहन पाठक, प्रदेश पदाधिकारी एवं मंडलों के अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, एवं मोर्चों के वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## News कॉर्नर

### तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत, चालक फरार

हल्द्वानी। कोतवाली मुखानी क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। 02 मई की रात्रि बजूनियाहल्दू कठघरिया निवासी नानक चंद (माया चंद) पुत्र बाबूराम मजदूरी कर घर वापस लौट रहे थे। तभी फतेहपुर के पास लामाचौड़ से फतेहपुर की ओर आ रहे एक अज्ञात वाहन ने तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए पैदल जा रहे नानक चंद को टक्कर मार दी। हादसा इतना गंभीर था कि मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। मृतक के पुत्र अजय मौर्या ने कोतवाली मुखानी में तहरीर देकर अज्ञात वाहन व चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपी चालक की पहचान कर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा का सीएम कौन?

## पश्चिम बंगाल में 9 को नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण

नई दिल्ली

एजेंसी

बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की तारीख सामने आ गई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य के अनुसार, नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण 9 मई को आयोजित किया जाएगा। राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 2026 सीटों पर कब्जा जमाया है। जबकि सत्ताधारी दल रही टीएमसी को मात्र 80 सीटें मिली हैं।



पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद अब सभी की निगाहें राज्य में भाजपा के मुख्यमंत्री चेहरे और शपथ ग्रहण की तारीख पर टिक गई हैं। इसी सवाल का जवाब देते हुए राज्य भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने बड़ा अपडेट दिया है, उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह 9 मई को आयोजित किया जाएगा। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में वोटिंग के बाद 4 मई को मतों की गणना हुई। जिसमें सत्ता धारी दल तृणमूल कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा। आंकड़ों की बात करें तो टीएमसी को मात्र 80 सीटें मिली हैं, जबकि पिछले चुनाव में पार्टी ने अकेले 215 सीटों हासिल की थी।

पश्चिम बंगाल विधानसभा की 294 सीटों के लिए पहले चरण में 152 सीटों पर 23 अप्रैल को मतदान हुआ था, जबकि दूसरे चरण के तहत 29 अप्रैल को 142 सीटें पर वोट डाले गए थे। विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे। दोनों चरणों में राज्य में जमकर वोटिंग हुई थी। चुनाव आयोग के अनुसार, पहले चरण में 93.19 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई थी, वहीं दूसरे चरण में भी 92.67 फीसदी वोटिंग हुई थी। इसी के साथ बंगाल में वोटिंग का कुल औसत 92.93 फीसदी से ज्यादा पहुंच गया, जो कि देश में किसी राज्य में मतदान का नया रिकॉर्ड है।

## आगामी मानसून को लेकर देवखड़ी, कल्सिया और रकसिया नाले का निरीक्षण

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

तैयारी

- इस संबंध में कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया

आगामी मानसून को लेकर आज देवखड़ी , कल्सिया और रकसिया नाले का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में राजस्व विभाग, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता और खनन विभाग के अधिकारी जिला खान अधिकारी भी उपस्थित थे।

टीम के द्वारा तीनों नालों में संवेदनशील स्थलों को चिन्हित किया गया। देवखड़ी नाले में शुरूआती स्थान पर ही तीन भिन्न भिन्न स्थानों पर चेक डैम बनाना आवश्यक है। इसके अतिरिक्त इस नाले का चैनेलाइजेशन किया जाना जरूरी है। यह नाला इन स्थानों पर वन प्रभाग रामनगर के अंतर्गत आता है।

इस संबंध में वन प्रभाग और सिंचाई विभाग को इस संबंध में कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । इसके अतिरिक्त राजस्व के भूमि के अंतर्गत रकसिया नाले में रिवर ड्रेजिंग नीति के तहत प्रक्रिया गतिमान है। कल्सिया नाले में भी सिंचाई विभाग और वन विभाग को चैनेलाइजेशन करने हेतु निर्देशित किया गया है।



## चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार, स्कूटी से कर रहा था तस्करी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी स्कूटी के जरिए चरस की तस्करी कर रहा था।

कोतवाली पुलिस टीम, जिसमें एस आई कृष्ण गिरी व कांस्टेबल विजय भारद्वाज शामिल थे, क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति, वाहन एवं अवैध मादक पदार्थों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान भोटिया पड़ाव चौकी से आगे नैनीताल रोड स्थित सिटी क्लब के पास एसओजी टीम के कांस्टेबल अशोक रावत भी मौके पर आ मिले और संयुक्त रूप से चेकिंग शुरू की गई। इसी दौरान काठगोदाम की ओर से आ रहे एक स्कूटी चालक ने पुलिस को देखकर अचानक मुड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने घबराकर बताया कि उसके बैग में चरस है, जिस कारण वह भागने का प्रयास कर रहा था। तलाशी लेने पर उसके बैग से 888 ग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े गए युवक ने अपना नाम जितेन्द्र सिंह राठौर निवासी मलसूना, थाना कांडा, जिला बागेश्वर बताया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे यह चरस 2-3 दिन पहले शुभम कुरियाल नामक व्यक्ति ने दी थी, जिसने उसे किसी अन्य व्यक्ति को देने के लिए कहा था और इसके बदले 5 हजार रुपये देने की बात कही थी। पुलिस अब उक्त सप्लायर की तलाश में जुट गई है।

## 20 वर्षीय छात्रा ने की दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में के स्टाफ हाउस क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक छात्रा द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार स्टाफ हाउस क्षेत्र निवासी 20 वर्षीय सिमरन आर्या बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा थी। बताया जा रहा है कि छात्रा ने कमरे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। मंगलवार सुबह काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर पड़ोसियों को शक हुआ। आसपास के लोगों ने दरवाजा खोला तो छात्रा फंदे से लटकी मिली। घटना की सूचना





तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

घटना के बाद परिजनों और क्षेत्रवासियों में दहशत व शोक का माहौल है। सीओ रविकांत सेमवाल ने बताया कि सुबह सूचना प्राप्त हुई कि एक युवती सिमरन फंदे में लटकी हुई है, मौके पर पुलिस टीम व फोरेंसिक की टीम पहुंच गई है, प्रथम दृश्य स्वयं आत्महत्या लग रही है. फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल पर जांच करने के बाद ही आत्महत्या के कारण की पुष्टि की जाएगी, पुलिस को कोई भी पुख्ता सबूत बरामत नहीं हुए हैं। इस मौके पर मलीताल कोतवाली प्रभारी हेमचंद हेमचंद पत आदि पुलिस अधिकारी व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा एसडीएम को ज्ञापन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी नवाजिश खलिक से मुलाकात कर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में संगठन ने आगामी ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन हेतु कमर्शियल गैस की सुगम व सहूलियत के साथ आपूर्ति निर्धारित प्रतिशत अनुरूप करने एवं वितरण केंद्र नारायण नगर और धामपुर बैंड से बदल कर बीडी पांडे जिला अस्पताल के पास या फलैट्स ग्राउंड में करने की मांग की ताकि बढे दामों के साथ परिवहन के अतिरिक्त भार से व्यवसायी प्रताड़ित ना हो। कहा कि वितरण केंद्र का स्थानांतरण वर्तमान में नारायण नगर और धामपुर बैंड से सीजन के दौरान भारी ट्रैफि क और भीड़ को देखते हुएए सिलेंडर लाने ले जाने में काफी समय तथा दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इसके साथ ही अतिरिक्त धन भी व्यय होता है। अतः वितरण को बीडी पांडे अस्पताल के पास या फलैट्स ग्राउंड में करेंताकि समय और प्रति सिलेंडर की कीमत में हाल ही में बड़ी कीमतों के बाद और भार व्यापारी को ना झेलना पड़े.कहा कि केंद्र तथा राज्य सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार होटल और रेस्टोरेंट सेकटर को को जरूरत का 70 प्रतिशत गैस आपूर्ति का प्रावधान है,उसी पैरामीटर के अंतर्गत हमें गैस वितरित की जाए ताकि सीजन के चरम समय में ईंधन की कमी के कारण हमारा व्यवसाय प्रभावित न हो। साथ ही प्रत्येक रेस्टोरेंट द्वारा पूर्व में खपत की जानकारी संबंधित एजेंसी को दी जा चुकी है।

कहा कि गैस की बढ़ती कीमतों के बीच यदि वितरण केंद्र नजदीक होगा तो हमारा परिवहन खर्च बचेगा और हम पर्यटकों को उचित दरों पर बेहतर सेवा दे पाएंगे। वर्तमान में जो स्थान तय है वहां से लाने में प्रति सिलिंडर भार अत्यधिक हो जाता है जो असहनीय है। इस ग्रीष्मकालीन सीजन की सफलता और स्थानीय व्यापारियों के हित को देखते हुए उक्त समस्या का प्रशासन स्तर पर शीघ्र तथा उचित समाधान करने का आश्वासन उपजिलाधिकारी द्वारा दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में उपाध्यक्ष विकास जायसवाल समेत कार्यकारिणी सदस्य तथा रेस्टोरेंट व्यवसायी विश्वदीप टंडन तथा रेस्टोरेंट व्यवसायी गिरीश कांडपाल शामिल रहे।





# देवभूमि उत्तराखंड सफ ई कर्मचारी संघ ने पालिका प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

देवभूमि उत्तराखंड सफ ई कर्मचारी संघ ने सोमवार को पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल और अधिशाषी अधिकारी रोहिताश शर्मा को ज्ञापन सौंपकर पालिका के संविदा और आउटसोर्स कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाने की मांग की।

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि नगरनिगम देहरादून तथा रुडकी व अन्य नगर निगमों में समस्त संविदा व आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का मानदेय बढाकर 805 रुपये प्रतिदिन कर दिया गया है।उन्होंने अनुरोध किया कि इसी क्रम में नैनीताल पालिका के कर्मचारी जो संविदा, आउटसोर्सिंग तथा पालिका कार्यालय व पार्किंग आदि अन्य स्थानों पर कार्य कर रहे हैं उन सभी का वेतन 805 रुपये प्रतिदिन की दर से देने के संबंध में आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पास कर उक्त धनराशि वेतन के रुप में सभी कर्मचारियों को देने की कृपा करें।इस दौरान संघ के अध्यक्ष त्रिलोचन टांक, महासचिव सोनू सहदेव, उपाध्यक्ष कमल कुमार तथा उपसचिव विक्की सिलेलन आदि मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के मंडलीय कानूनी सलाहकार बने राहुल पुजारी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

अखिल भारतीय सफ ई मजदूर संघ के कुमाऊं मण्डल अध्यक्ष सुनील चौधरी की संतुति पर कर्मचारी हित में एक अलग पहचान रखने वाले तथा सामजिक कार्यों में अग्रणी रहने वाले व समाज के हर कार्य मे बढ़ चढकर सहयोग करने वाले नैनीताल पालिका के पूर्व सभासद राहुल पुजारी को संगठन में कुमाऊं मण्डल कानूनी सलाहकार के रुप मे मनोनीत किया गया।

बता दें अखिल भारतीय सफ ई मजदूर संघ द्वारा हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम में संगठन की ओर से माला पहनाकर स्वागत किया गया व संगठन मे नये दायित्व के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।इस दौरान राहुल पुजारी द्वारा भी संगठन के समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया व संगठन का हर कदम साथ व सहयोग प्रदान करने की बात कही। इस दौरान कुमाऊं मण्डल अध्यक्ष सुनील चौधरी समेत विक्रम पाल जिला महामंत्री, विनेश कुमार शाखा अध्यक्ष, दीपक कुमार कार्यकारी अध्यक्ष, विक्रम कुमार शाखा मंत्री,अतुल कुमार शाखा संरक्षक, पंकज कुमार शाखा महामंत्री, पिंटू कुमार शाखा उपसचिव, मनोज कुमार शाखा उपसचिव, मधु महिला मोर्चा शाखा अध्यक्ष, ज्योति महिला मोर्चा शाखा महामंत्री सहित अनेकों कर्मचारी उपस्थित रहे।



## NEWS / फटाफट

### स्कूलों के संचालन का समय बदलना छात्र हित में सार्थक कदम:तिवारी

**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन के प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी ने स्कूलों के संचालन में बदले समय को छात्र हित में उठाया गया सार्थक कदम करार दिया है। तिवारी के मुताबिक विगत में राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के प्रस्ताव के आधार पर विद्यालयों का संचालन समय बदलते हुए अपराह्न 2 बजकर 5 मिनट तक किया गया, मैदानी क्षेत्रों में अत्यधिक गर्मी एवं हीट वेव्स के कारण अनेक समस्याएं आने के चलते राज्य के विभिन्न शैक्षिक संगठनों ने अपनी आपत्तियां दर्ज की थी। कहा कि प्रकरण के तूल पकडने पर एक बार फि र से समय संचालन पूर्व की बात करने के प्रस्ताव को शिक्षा मंत्री के अनुमोदन के बाद आज जारी कर दिया गया। तिवारी ने इसे छात्र हित में उठाया गया कदम बताया है।

### सभासद शीतल कटियार ने पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल को ज्ञापन सौपा



नैनीताल । नगर पालिका परिषद की तल्लीताल हरीनगर वार्ड नंबर चार की सभासद शीतल कटियार ने पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल को ज्ञापन सौंपकर पालिका के आउटसोर्स,संविदा,दैनिक वेतनभोगी कर्मियों के वेतन में बढोत्तरी किए जाने की मांग की है। मामले को लेकर उन्होंने पालिकाध्यक्ष को ज्ञापन भी सौपा है। सभासद शीतल कटियार के मुताबिक पालिका में लगभग 10 से 15 वर्षों से आउटसोर्स,संविदा,दैनिक वेतनभोगी कर्मी विभिन्न क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण सेवाएं दे रहे हैं। चूकि वर्तमान में भारत सरकार की ओर से न्यूनतम मानदेय दरों में बढोत्तरी की गयी है तथा यह दरे अप्रैल 2026 से लागू की गयी हैं,इसी के तहत उत्तराखंड में भी देहरादून नगर निगम की ओर से पर्यावरण मित्रों को 805 रुपया प्रतिदिन मानदेय दिया जा रहा है,यह बढ़ा मानेदय नैनीताल पालिका में भी जल्द लागू किया जाए। दूसरी ओर पालिका सभासद ने कहा कि मामले को लेकर वाल्मीकी महासभा के महासचिव दिनेश कटियार ने भी पालिका प्रशासन को पत्र दिया गया है।

### हाईकोर्ट ने दिए राज्य सरकार को जवाब पेश करने के निर्देश।

नैनीताल । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बीपीएड और एमपीएड कोर्स किये हुए बेरोजगारों के लिए शारीरिक शिक्षा पढ़ाने के लिए राज्य सरकार के द्वारा विज्ञप्ति जारी नहीं करने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने राज्य सरकार से जवाब पेश करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 29 जून (सोमवार) की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार बीपीएड और एमपीएड कोर्स किए हुए बेरोजगार संगठन ने याचिका दायर कर कहा है कि राज्य सरकार ने कक्षा एक से लेकर कक्षा 12 तक फिजिकल एज्युकेशन विषय को अनिवार्य कर दिया है लेकिन इस विषय को पढ़ाने के लिए अध्यापकों की आवश्यक्ता है परंतु सरकार इन पदों को भरने के लिए विज्ञप्ति जारी नहीं कर रही है। जिसकी वजह से पढने वाले छात्रों को शारीरिक शिक्षा से बंचित रहना पड़ रहा है। याचिका में यह भी कहा गया है कि 2020की नई शिक्षा नीति में सरकार ने कहा है कि कक्षा एक से लेकर कक्षा बारह तक फिजिकल एज्युकेशन विषय रहेगा। 2025 की नियमावली में फिजिकल एज्युकेशन बिषय को अनिवार्य रूप से कर दिया गया। उसके बाद भी इसको लेकर कोई विग्यप्ति जारी नही की गई। याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की है कि इस विषय को पढ़ाने के लिए विज्ञप्ति निकालने के निर्देश राज्य सरकार को दिए जाएं।

### नाले में गिरने से युवक का सिर फूटा

नैनीताल । नगर के सात नंबर क्षेत्र में शराब के नशे में असंतुलित होकर एक युवक नाले में गिर गया जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आ गई। हादसे में युवक काफी देर तक लहूलुहान हालत में पड़ा रहा। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजन उसे तत्काल बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। जानकारी के अनुसार सात नंबर निवासी 25 वर्षीय सूरज सोमवार दोपहर सड़क किनारे पैराफि ट पर बैठा हुआ था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगडने से वह सीधे नाले में जा गिरा। गिरने से उसके सिर में गहरी चोट लगी और काफी खून बहने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। परिजन युवक को घायल अवस्था में बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में डॉ. साहिल कुमार ने उसका उपचार किया। चिकित्सक के अनुसार सिर पर गंभीर चोट होने के कारण युवक के काफी खून बह गया था।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# ओखलकांडा के बीडीओ देशराज को एबीडीओ पद पर किया स्थान्तरित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जनहित को सर्वोपरि रखते हुए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु निरंतर प्रभावी निर्णय लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में विकासखंड ओखलकांडा से संबंधित एक प्रकरण में सख्त कार्रवाई की गई है।

जानकारी के अनुसार विकासखंड ओखलकांडा में कार्यरत खंड विकास अधिकारी देशराज से संबंधित प्रकरण जिसमें उनके द्वारा विभागीय कार्यों में लापरवाही, उदासीनता प्रकरण संज्ञान में आने के उपरांत जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मुखय विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे को जांच हेतु निर्देशित किया गया। मुखय विकास अधिकारी द्वारा प्रकरण की विस्तृत जांच कराई गई जिसमें खंड विकास अधिकारी पर लगाए गए आरोप प्रथम दृष्ट्या सत्य पाए गए।जांच में शासकीय कार्यों के निर्वहन में लापरवाही एवं कर्तव्यों के प्रति उदासीनता परिलक्षित होने के फलस्वरूप मुखय विकास अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डे द्वारा संबंधित अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की गई, तदनुसार खण्ड विकास अधिकारी ओखलकांडा के पद पर कार्यरत देशराज को तत्काल प्रभाव से खंड विकास अधिकारी के पद से हटाते हुए सहायक खंड विकास अधिकारी (एबीडीओ) के पद पर स्थानांतरित कर विकासखंड रामनगर में संबद्ध किया गया है साथ ही जनहित एवं प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु मुखय विकास अधिकारी ने आदेश जारी करते हुए कुंवर सिंह सामंत सहायक खंड विकास अधिकारी रामनगर को तत्काल प्रभाव से विकासखंड ओखलकांडा में संबद्ध करते हुए प्रभारी खंड विकास अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है।जिलाधिकारी रयाल ने स्पष्ट किया है कि जनपद में किसी भी स्तर पर शासकीय कार्यों में लापरवाही अथवा अनुशासनहीनता को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित करें।

# तेज बारिश और ओलों से नैनीताल की नैनी झील का जलस्तर पहुंचा 80 फीट

र

हमारे संवाददाता

नैनीताल में सोमवार की सुबह तेज बारिश का साथ जमकर ओलों की बरसात हुई। इस दौरान नाले उफ ान पर आ गए और कूड़े का ढेर नालों के जरिए जीवनदायिनी नैनी झील में समा गए। आज की तेज वर्षा से नैनी झील का जलस्तर 80 फीट पहुंच गया है।

नगर में वर्षा का क्रम सूर्योदय से पहले करीब तीन बजे शुरू हो गया था। तेज हवाओं का साथ ओले भी बरसने लगे। इसके साथ ही तेज बारिश भी शुरू हो गई। एक घंटे तक तेज वर्षा जारी रही। इसके बाद मध्यम बारिश का क्रम शुरू हो गया जो सुबह आठ बजे तक जारी रही। इसके बाद भी रुक रुक कर बारिश होते रही। नौ बजे बारिश रुक गई लेकिन घने बादल आसमान में डेरा डाले रहे जो दोपहर में साफ हो गए और धूप निकल आई तो ठंड से राहत मिली। इधर सिंचाई विभाग के झील नियंत्रण कक्ष के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 55 मिमी बारिश हुई है। झील का जलस्तर सामान्य बना हुआ है। पिछले तीन साल में झील का जलस्तर सर्वाधिक बना हुआ है। झील का सूपर वाइजर रमेश सिंह गैड़ा का अनुसार नगर में पेयजल सप्लाई रोस्टर का अनुसार की जा रही है। सुबह और शाम नियमित रूप सप्लाई की जा रही है। अब प्री मानसून की बारिश शुरू हो चुकी है तो ग्रीष्मकाल में पानी की किल्लत नहीं होगी।



# अभिमत

## नीयत में खोट

*महिलाओं को आरक्षण का फायदा राजनीतिक परिवार की महिलाओं तक सीमित रह जाने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। लोकसभा और विधानसभाओं में वर्तमान में जो सदस्य हैं, उनमें से ज्यादातर की पृष्ठभूमि राजनीतिक परिवार की है। सर्वविदित है कि भाई-बहन, बहू-बेटा, पति-पत्नी सदन के सदस्य हैं। राजनीति से वंशवाद, परिवारवाद को खत्म करने की बात कहते हुए प्रधानमंत्री ने पीढ़ीगत राजनीति खत्म कर जमीन से जुड़े कार्यकर्ता को टिकट देने की घोषणा की है, लेकिन यह संभव नहीं हो पाया है।*

राजनीतिक दलों की कथनी-करनी में अंतर होने के कारण देश में अनेक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। सरकार के साथ विपक्ष भी जन समस्याओं का समाधान करने में सहयोग करे, तो तस्वीर बदल सकती है। महिला आरक्षण के मामले में सभी राजनीतिक दलों की नीयत में खोट है। लोकसभा और विधानसभाओं में आधी आबादी को प्रतिनिधित्व का राग वर्षों से अलापा जा रहा है। यदि राजनीतिक दल इस मामले में ईमानदार हैं तो सबसे पहले अपने घर में अमल करें। चुनाव में सबसे कम उम्मीदवार महिलाएं होती हैं। किसी भी पार्टी ने 50 प्रतिशत महिलाओं को प्रत्याशी नहीं बनाया। सवाल यह है कि जब आधी आबादी है तो 33 प्रतिशत आरक्षण क्यों? शिक्षा और नियुक्तियों में जाति आधारित आरक्षण की नीति पहले से ही भेदभावपूर्ण है। संविधान में आरक्षण की व्यवस्था आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को समाज की मुख्य धारा में लाने के लिए दस वर्ष के लिए की गई थी। वोट बैंक और जातिवाद का जहर समाज में घोलने के लिए सात दशक से आरक्षण जारी है। जिस तरह से आरक्षित जाति के गिने-चुने परिवारों को पीढ़ी दर पीढ़ी आरक्षण का लाभ मिल रहा है और क्रीमीलेयर तैयार हो गई है, उसी तरह चुनाव में महिलाओं को आरक्षण का फायदा राजनीतिक परिवार की महिलाओं तक सीमित रह जाने से इन्कार नहीं किया जा सकता है। लोकसभा और विधानसभाओं में वर्तमान में जो सदस्य हैं, उनमें से ज्यादातर की पृष्ठभूमि राजनीतिक परिवार की है। सर्वविदित है कि भाई-बहन, बहू-बेटा, पति-पत्नी सदन के सदस्य हैं। राजनीति से वंशवाद, परिवारवाद को खत्म करने की बात कहते हुए प्रधानमंत्री ने पीढ़ीगत राजनीति खत्म कर जमीन से जुड़े कार्यकर्ता को टिकट देने की घोषणा की है, लेकिन यह संभव नहीं हो पाया है। समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण की मांग की तो केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि वह सभी टिकट मुस्लिमों को दे दें, हमें आपत्ति नहीं है। दरअसल मुस्लिमों को वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल किया जाता रहा है। मुस्लिमों, दलितों, पिछड़ों का हित नहीं किया गया। अब महिलाओं को निशाना बनाया जा रहा है। जिस तरह धार्मिक आधार पर आरक्षण असंवैधानिक है, उसी तरह जाति आधारित आरक्षण को असंवैधानिक किया जाना चाहिए। शिक्षा में प्रतिभा, नियुक्ति में योग्यता और राजनीति में सेवा व क्षमता के आधार पर सभी को समान रूप से प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

# नैनीताल-भवाली रोड पर हादसा,एक की मौत,दो घायल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल-भवाली रोड पर सोमवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने एक युवक की जिंदगी छीन ली जबकि उसके दो दोस्त घायल हो गए। तेज रफ्तार थार वाहन अनियंत्रित होकर करीब 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरा और युवक के मौत की खबर वापस आई।

जानकारी के अनुसार सोमवार को भवाली की ओर से तेज गति से आती थार आरजे 600 सीजी 4574 पाइंस शमशान घाट से महज 20 मीटर पहले अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित कार सड़क किनारे लोहे के पैरापिटों को तोड़ते हुए कुछ ही सेकेंड में 100 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। मौके पर मौजूद लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस, दमकल व बाद में एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने खाई में उतरकर रेस्कयू किया। इस दौरान खाई से तीन घायल युवकों को निकाला गया जिसमें एक मूर्छित अवस्था में दूसरा गंभीर घायल और तीसरे का मामूली चोटें थी जबकि वाहन के परखच्चे उड़ गए थे। कड़ी मशक्कत के बाद तीनों युवकों को खाई से बाहर निकाला गया।

बाद में गंभीर रूप से घायल युवकों को बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जिला अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टमटा ने बताया कि डाकटरों ने हैड़ाखान हल्द्वानी निवासी राहुल कुमार (21) पुत्र सुरेश चंद्र को मृत घोषित कर दिया वहीं जोधपुर राजस्थान रूपनगर निवासी युवराज सिंह(20), पुत्र भरत सिंह शेखावत निवासी जालामंड,थाना कुंडी जिला जोधपुर (राजस्थान) व निवासी अरविंद सिंह (24) पुत्र स्व.लक्ष्मण सिंह, निवासी दाँतिवाड़ा, डामियावास, जिला जोधपुर (राजस्थान) का उपचार चल रहा है।



### प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार:सीओ

**नैनीताल।** मामले में सीओ अंजना नेगी ने कहा कि प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार माना जा रहा है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मृतक और घायलों के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

### एक घंटे बाद पहुंची एंबुलेंस, लोगों में नाराजगी

नैनीताल । एक बार फिर हादसे में एंबूलेंस के देर से पहुंचने की बात उठ रही है। सोमवार को हादसे के बाद घायल राहुल को रेस्कयू कर टीम सड़क पर ले आई। जहां लगभग 10 मिनट तक घायल को सड़क किनारे रखना पड़ा। हादसे के एक घंटे बाद बीडी पांडे अस्पताल की छोटी एंबुलेंस मौके पर पहुंची जिसमें घायल को अस्पताल भेज दिया गया। जिसके बाद दो मरीजों को अस्पताल भेजने के लिए भी एंबूलेंस का इंतजार करना पड़ा, जब देर तक एंबुलेंस नहीं पहुंची तो रेस्कयू टीम के पिकअप वाहन में ही दो घायलों को अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि एंबुलेंस करीब एक घंटे बाद मौके पर पहुंची। तब तक पुलिस और राहत टीम ने दो घायलों को पिकअप वाहन से अस्पताल भिजवाया। लोगों का कहना था कि गंभीर हादसों में समय पर चिकित्सा सहायता नहीं मिलना चिंता का विषय है।

### तल्लीताल टैक्सी यूनियन के प्रत्यावेदन पर करें विचार:हाईकोर्ट

नैनीताल । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नगरपालिका नैनीताल के द्वारा स्थानीय टैक्सी यूनियन को नगर पालिका के पास जारी नहीं करने को लेकर दायर यूनियन की याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने नगर पालिका नैनीताल से कहा है कि इनके प्रत्यावेदन पर विचार करें, साथ में कोर्ट ने इनकी याचिका को पूर्व से लंबित जनहित याचिका के साथ सुनवाई के लिए भेज दिया है। अब इस मामले में खण्डपीठ 12 मई (मंगलवार) को सुनवाई करेगी। मामले के अनुसार तल्लीताल टैक्सी यूनियन ने याचिका दायर कर कहा है कि नगरपालिका के द्वारा 2017 के बाद कि टैकसियों को नगर में प्रवेश करने के लिए पास जारी नहीं किया जा रहा है उनसे शहर में प्रवेश के लिए 200 रुपये लेकब्रिज चुंगी पर लिए जा रहे है वहीं नगरपालिका के द्वारा शहर से बाहर की टैक्सियों के पास जारी किए जा रहा रहे हैं। याचिका में यूनियन की तरफ से कहा गया कि वे स्थानीय निवासी हैं। उनको पास जारी नही किये जा रहे हैं जो उनके साथ एक सौतेला व्यवहार अपनाया जा रहा है।

# निजी स्कूलों में पाठ्यक्रम, शुल्क व अन्य अनियमितताओं को लेकर जिला प्रशासन गंभीर

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले में निजी विद्यालयों द्वारा पाठ्यक्रम, शुल्क एवं अन्य व्यवस्थाओं में अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशों के क्रम में सीईओ गोविन्द राम जायसवाल द्वारा सखत कार्रवाई की जा रही है। पूर्व में हल्द्वानी, लालकुआं, रामनगर एवं भीमताल क्षेत्र के 17 विद्यालयों को नोटिस जारी किए जाने के उपरांत अब अन्य विद्यालयों के विरुद्ध भी कार्यवाही की गई है।

सीईओ कार्यालय भीमताल से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतों/जनसुनवाई एवं विभिन्न स्तरों पर प्राप्त प्रतिवेदनों के आधार पर विभिन्न विद्यालयों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जिनमें श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामनगर, ग्रीनवुड ग्लोबल स्कूल हल्द्वानी, ओकवार्ड पबलिक स्कूल रामनगर, ग्रीन फील्ड एकेडमी रामनगर, मदर ग्लोरी पबलिक स्कूल रामनगर, शाइनिंग स्टार स्कूल रामनगर, डीविटो स्कूल भवाली, महर्षि विद्या मंदिर भवाली, निर्मला कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी, क्रॉस सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी तथा द सनबीम पब्लिक स्कूल हल्द्वानी शामिल हैं। जारी आदेश के अनुसार, परीक्षण में यह तथ्य प्रकाश में आए हैं कि कुछ विद्यालयों द्वारा एनसीईआरटी पुस्तकों के अतिरिक्त अत्यधिक महंगी निजी प्रकाशनों की पुस्तकें अनिवार्य की जा रही हैं जिससे अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है, साथ ही कुछ विद्यालयों द्वारा विशिष्ट विक्रेताओं से पुस्तकें एवं अन्य सामग्री क्रय करने हेतु बाध्य किए जाने तथा विद्यालयों की वेबसाइट पर अनिवार्य सूचनाओं का प्रकटीकरण न किए जाने की शिकायतें भी प्राप्त हुई हैं। सीईओ गोविन्द राम जायसवाल ने स्पष्ट किया है कि उक्त कृत्य राइट ऑफ चिल्ड्रन टू फ्री एंड कंपलसरी एजुकेशन एकट- 2009 ,सीबीएसई दिशा निर्देशों एवं कंज्यूमर प्रोटेशन एकट-2019 के प्रावधानों के प्रतिकूल हैं। विद्यालयों को नो प्रॉफि ट नो लॉस के सिद्धांत पर संचालित किया जाना अपेक्षित है।आदेश में संबंधित विद्यालयों को 15 दिवस के भीतर बुक लिस्ट में संशोधन कर एनसीईआरटी पुस्तकों को प्राथमिकता देने, अनावश्यक महंगी पुस्तकों को हटाने, वेबसाइट पर बुक लिस्ट एवं फीस संरचना का अनिवार्य प्रकटीकरण करने तथा अभिभावकों से वसूल की गई अतिरिक्त धनराशि के समायोजन/वापसी हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में संबंधित प्रकरण की जांच हेतु विकासखंड स्तर पर संयुक्त जांच समिति गठित की गई है जो निर्धारित समयावधि में जांच कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

मुख्य शिक्षा अधिकारी ने चेतावनी दी है कि निर्धारित समयावधि में निर्देशों का अनुपालन न किए जाने की स्थिति में संबंधित विद्यालयों के विरुद्ध मान्यता निरस्तीकरण/निलंबन तथा सीबीएसई को संबद्धता संबंधी कार्यवाही हेतु संस्तुति, अर्थदंड तथा अन्य वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# फिल्मी दुनिया

## सोमवार को लड़खड़ाई भूत बंगला, राजा शिवाजी से रही पीछे



*अक्षय कुमार की फिल्म भूत बंगला ने शुरुआत से ठीकठाक कलेक्शन किया है। अब तीसरे सोमवार को फिल्म का कलेक्शन घटा है। अक्षय कुमार और वामिका गब्बी की अदाकारी वाली हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में सजी थी। प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठीकठाक प्रदर्शन कर रही है। बीते शुक्रवार को सिनेमाघरों में कई नई फिल्मों ने दस्तक दी, हालांकि इसके कलेक्शन पर बहुत ज्यादा असर नहीं पड़ा। वीकएंड पर इसने अच्छा प्रदर्शन किया।*

*भूत बंगला ने बॉक्स ऑफिस पर 1.03 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। देर रात इन आंकड़ों में इजाफा हो सकता है। 18वें दिन फिल्म के कलेक्शन में गिरावट आई है। रविवार को इसने 5.50 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। बीते शनिवार को इसने 4.35 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। फिल्म का कुल कलेक्शन 143.53 करोड़ रुपये हो चुका है। भूत बंगला ने बॉक्स ऑफिस पर ठीकठाक शुरुआत की थी। पहले दिन इसकी कमाई 12.25 करोड़ रुपये रही थी। दूसरी और तीसरे दिन इसकी कमाई में इजाफा हुआ। पहले वीकएंड पर फिल्म का कलेक्शन काफी अच्छा रहा था। पहले हफ्ते में इसने 84.40 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। दूसरे हफ्ते में इसने बॉक्स ऑफिस पर 43.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।*

### वर्ल्डवाइड कलेक्शन

*भूत बंगला ने घरेलू बॉक्स ऑफिस के साथ-साथ वर्ल्डवाइड भी अच्छा कलेक्शन किया है। 18 दिनों में इसने वर्ल्डवाइड 225.52 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। भूत बंगला का बजट करीब 120 करोड़ रुपये है। इस हिसाब से इस फिल्म ने अपनी लागत वसूल कर ली है। इसमें अक्षय कुमार, वामिका गब्बी के अलावा तब्बू, असरानी, राजपाल यादव, परेश रावल और मिथुन हैं।*

# विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षक नेता मिले सीईओ से

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ ने प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को भीमताल में सीईओ से मुलाकात कर विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

संघ के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी एवं जिला मंत्री एल डी पाठक के नेतृत्व में हुए प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षकों की 9 सूत्रीय ज्वलंत मांगों को बहुत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। वार्ता में जनगणना ड्यूटी में लगे शिक्षकों को विद्यालय ड्यूटी से पूर्ण कार्यमुक्त रखने, लंबित वेतन के तत्काल भुगतान,एनपीएस अंशदान को समय पर पीआरएएन में जमा करने, चयन.प्रोन्नत वेतनमान के वर्षों से लंबित प्रकरणों के 30 दिन में निस्तारण सहित सभी मांगों पर सीईओ का ध्यान आकर्षित कराया गया। प्रतिनिधिमंडल के मुताबिक वार्ता ऐतिहासिक रूप से सफल रही। सीईओ ने शिक्षक समस्याओं पर अत्यंत गंभीर एवं सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र.निर्माता शिक्षकों का शोषण किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। उन्होंने सभी मांगों पर 15 दिवस के भीतर ठोस कार्यवाही का लिखित आश्वासन दिया।इस दौरान सी.पी.उप्रेती, विरेन्द्र सिंह साही, भास्कर जोशी,देवेश चंद्र पनेरू,सुनीता भट्ट,महेश कुमार, आलोक भट्ट, सागर सिंह, मनोज गर्जोला तथा पंकज बेलवाल आदि उपस्थित थे।



# डाक्टरों की अनुपस्थिति से जिला अस्पताल नैनीताल की व्यवस्था पटरी से उतरी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में सोमवार को कई विशेषज्ञ डाक्टरों की अनुपस्थिति के चलते स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित रहीं। हृदयरोग विशेषज्ञ समेत बाल रोग विशेषज्ञ, गाइनेकोलॉजिस्ट और चेस्ट फि जिशियन के नहीं मिलने से मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा। दूर-दराज से इलाज के लिए पहुंचे कई मरीज बिना उपचार लौट गए।

बता दें जिला अस्पताल में डाक्टरों के रिक्त पदों और लंबे समय से छुट्टी पर चल रहे चिकित्सकों के कारण स्वास्थ्य व्यवस्था लगातार बदहाल बनी हुई है वहीं सोमवार को भी कई विशेषज्ञ डाकटरों के छुट्टी पर रहने से मरीजों को



दिक्कतों का सामना करना पड़ा। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ के तीन पद स्वीकृत हैं लेकिन दो पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। सोमवार को अस्पताल में तैनात एकमात्र बाल रोग विशेषज्ञ भी अनुपस्थित रहे जिससे बच्चों के इलाज के लिए पहुंचे अभिभावकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा जबकि अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की गई।

### बारिश में फिर टपकी जिला अस्पताल की छत

**नैनीताल** । राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में बारिश शुरू होते ही अव्यवस्थाएं एक बार फि र सामने आने लगी हैं। देर रात हुई बारिश के दौरान अस्पताल की कई जगहों पर छतें टपकने लगीं जिससे वार्डों में भर्ती मरीजों और तीमारदारों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

इसके अलावा गाइनेकोलॉजिस्ट के तीन स्वीकृत पदों में से एक डाकटर करीब छह माह से छुट्टी पर हैं जबकि सोमवार को दूसरी महिला रोग विशेषज्ञ भी अवकाश पर रहीं। ऐसे में महिला मरीजों को जांच और परामर्श के लिए इधर.उधर भटकना पड़ा वहीं फि जिशियन, चेस्ट फिजिशियन व हृदयरोग विशेषज्ञ की छुट्टी से भी मरीजों को परेशानी उठानी पड़ी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग लंबे समय से जिला अस्पताल की समस्याओं को नजरअंदाज कर रहा है। विशेषज्ञ डाक्टरों के रिक्त पद नहीं भरे जा रहे और मौजूद डाक्टरों की अनुपस्थिति से मरीजों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। लोगों ने शासन और स्वास्थ्य विभाग से जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

मामले में पीएमएस डा.तरुण कुमार टम्टा ने कहा कि सोमवार की सुबह ही पता चला कि कई डाक्टर नहीं पहुंचे हैं।

### तीन करोड़ की सीटी स्कैन मशीन बंद

**नैनीताल** । पहाड़ की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की हकीकत एक बार फिर सामने आ गई है। नैनीताल के बीडी पांडे जिला अस्पताल में करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से स्थापित सीटी स्कैन मशीन तकनीशियन के अभाव में बंद पड़ी है। करोड़ों की मशीन होने के बावजूद मरीजों को जांच के लिए हल्द्वानी और अन्य शहरों का रुख करना पड़ रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर सरकारी दावों पर सवाल खड़े होने लगे हैं। वर्ष 2022 में डाकटर्स फ ॉर यू और क्रिप्टो रिलीफ संस्था की ओर से बीडी पांडे अस्पताल में लगभग पौने तीन करोड़ रुपये की लागत से सीटी स्कैन यूनिट स्थापित की गई थी साथ ही एक तकनीशियन भी अस्पताल को दिया गया था। मशीन लगने के बाद लोगों को उममीद थी कि अब गंभीर मरीजों को जांच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा और पहाड़ में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सकेगी लेकिन अब तकनीशियन का अनुबंध समाप्त होने के बाद मशीन पूरी तरह बंद हो गई है। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार सीटी स्कैन संचालन के लिए तकनीशियन की व्यवस्था भी संस्था की ओर से ही की गई थी। मार्च माह में तकनीशियन का अनुबंध समाप्त होने के बाद अस्पताल में कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं हो सकी। अस्पताल प्रशासन के पास न तो तकनीशियन का स्वीकृत पद है और न ही अलग से कर्मचारी रखने का बजट। नतीजा यह हुआ कि करोड़ों की मशीन शोपीस बनकर रह गई।

## News कॉर्नर

### 7 मई को हल्द्वानी पहुंचेगी गोल्ज्यू यात्रा, स्वागत की तैयारी शुरू

**हल्द्वानी।** अपनी धरोहर न्यास हल्द्वानी द्वारा गोल्ज्यू यात्रा 2026, 7मई को हल्द्वानी पहुंचेगी। न्यास के उपध्यक्ष एन बी गुणवंत ने गोल्ज्यू यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुये बताया की यात्रा का उद्देश्य उत्तराखंड की धार्मिक संस्कृति का संरक्षण करते हुये सारे समाज को उत्तराखंड की संस्कृति से जोड़ना है।अपनी धरोहर न्यास द्वारा निकाली जा रही तृतीय गोल्जयू यात्रा अक्षय तृतीया 19 अप्रैल चंपावत स्थित मुख्य मंदिर में विशेष पूजा अर्चना के साथ शुरू हुई। यात्रा खटीमा, सितारगंज, किच्छा, रुद्रपुर, काशीपुर हरिद्वार, देहरादून, उसके बाद यात्रा पौड़ी, बद्रीनाथ, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा होते हुये 7 मई को रामनगर से हल्द्वानी पहुंचेगी जहां यात्रा धार्मिक परम्परा के साथ भव्य स्वागत होगा। यात्रा रामलीला मैदान पहुंचेगी जहां से शोभायात्रा के रूप मे बाजार क्षेत्र होते हुये गोल्ज्यू मंदिर पार्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच पहुंचेगी।उन्होंने नगर की धर्म प्रेमी जनता से आग्रह किया है ।

# 216 रोगियों ने उठाया निशुल्क चिकित्सा शिविर में स्वास्थ्य लाभ

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

क्वीन्स पब्लिक स्कूल दमुआ ढूंगा में काया आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एव हॉस्पिटल का निशुल्क चिकित्सा शिविर संपन्न हुआ जिसमे 216 रोगियों को चिकित्सा परामर्श एव दवा एव जांच का लाभ लिया ये जानकारी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एव चिकित्सा अधीक्षक डॉ विनय खुल्लर ने दी ।

प्रारम्भ पाल इंस्टिट्यूट ऑफ़ कॉलेज के डायरेक्टर डॉ अशोक पाल एव क्वींस पब्लिक कॉलेज के डायरेक्टर आर पी सिंह ने की ।

शिविर ने 20 प्रतिशत रोगी जोड़ो के दर्द के , 30प्रतिशत शुगर एव ब्लड प्रेशर के , 15प्रतिशत स्किन के रोगी 10प्रतिशत पेट के एव शेष सामान्य रोगियों को डॉ विनय खुल्लर, डॉ स्वाति भट्ट , डॉ महेंद्र बोरा , डॉ नेहा उपाध्या, डॉ कल्पना ,डॉ दीपाली डी एम एस डॉ स्वप्निल डॉ देवेश ने



रोगियो की जाँच एव परामर्श दिया। डायरेक्टर डॉ अशोक पाल ने कहा जनहित में इस तरह के शिविर निरंतर लगाते रहेंगे। शिविर में निशुल्क मशीनों द्वारा नाड़ी नारीक्षण , प्रकृति परीक्षण , निशुल्क शुगर जांच, ई सी जी, बायोकेमेस्ट्री जांच एव पंचकर्मा आदि किया गया । शिविर में माइक्रो दिनेश सनवाल , दीपक बिस्ट , प्रधानाचार्य कविता कलकोटी निकिता संजीव ,हेमा ए सपना ने सहयोग किया।

# सरकार की विकास की योजनाओं की ग्रामीणों को दी जानकारी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ. भुवन चंद्र आर्य ने सोमवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विधानसभा नैनीताल के तहत भीमताल विकास खंड के ग्राम फगुनियाखेत व बजून गांवों में जाकर सरकार की ओर से चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

भ्रमण के दौरान डा.आर्य ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा उनके समाधान का आश्वासन विभागीय अधिकारियों से वार्ता कर करने को दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में डबल इंजन की सरकार हर मोर्चे पर सफल रही है। कहा कि वर्तमान में गांवों में शिविरों के माध्यम से सरकार जनसमस्याओं का प्राथमिकता से समाधान कर रही है। भ्रमण के दौरान बालम सिंह बिष्ट,चंदन कनवाल,संतोष प्रसाद, पद्म सिंह मेहरा, गणेश सिंह मेहरा, शंकर सिंह कोटलिया, जानकी कोटलिया, कविन्द्र शाह,पूरन जोशी, रमेश भट्ट, भूपाल कोटलिया, हरीश पांडे, नंदन सिंह कोटलिया, हेमा, हिमानी, जीवन्ती देवी, देवेन्द्र, राम सिंह, भाष्कर, सागर व हरीश आदि मौजूद रहे।



# घर के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

थाना काठगोदाम क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी स्कूटी चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

जवाहर नगर टनकपुर रोड निवासी विक्की गुप्ता अपनी स्कूटी संख्या यूके 04 यू 8759 के स्वामी हैं। बताया गया कि 23 अक्टूबर 2025 को उनका मित्र अनुज कुमार निवासी दमुवाढुंगा संगम बिहार उक्त स्कूटी अपने काम से लेकर गया था। रात करीब 11 बजे अनुज कुमार ने स्कूटी अपने घर के बाहर खड़ी कर दी और सो गया। देर रात कुछ संदिग्ध आवाजें सुनाई दीं, जो संभवतः स्कूटी ले जाने से संबंधित थीं। हालांकि उस समय इस पर ध्यान नहीं दिया गया। सुबह जब अनुज ने बाहर आकर देखा तो स्कूटी वहां से गायब थी।

आसपास काफी तलाश की गई, लेकिन वाहन का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित विक्की गुप्ता ने थाना काठगोदाम में तहरीर देकर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और स्कूटी बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पौधरोपण अभियान से जुड़ना पुनीत कार्यःसुनील साह

**नैनीताल** । उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान सोमवार को 658वे दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 658वे दिन नारायण नगर डीडीहाट में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत डीडीहाट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुनील शाह के साथ पौधारोपण किया। सुनील साह ने कहा कि पौधारोपण अभियान से सभी को जुड़ना चाहिए।

# भाजपा के बंगाल व असम में जीत पर नैनीताल में जश्न

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी की बंगाल और असम में प्रचंड जीत पर नैनीताल ने सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं में काफी जोश नजर आया।इस दौरान उत्साही पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भारी नारेबाजी व अतिशबाजी के बीच एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा समेत बिमला अधिकारी, आशीष बजाज,मनोज जोशी, भारत मेहरा, हेमंत बेदी, पूरन सिंह बिष्ट,



भगवत रावत, शैलेंद्र बरगली, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, आनंद सिंह बिष्ट, अरविंद पडियार, लाल सिंह बिष्ट, खजान सिंह डंगवाल, मनोज कुमार, संतोष शाह, युवराज, शालू बिष्ट, मोहित लाल शाह, हरीश सिंह राणा, कैलाश मिश्रा, डा. भुवन चंद्र आर्य, नितिन कार्की, कमल जोशी, राहुल जोशी तथा ज्योति ढौंढियाल समेत कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सूचना

दिनांक 22 जनवरी 2022 को कटारिया स्टोन क्रेशर जिसका पता ग्राम पापड़ी निकट विनायक प्लाईवुड, रामनगर, जिला नैनीताल है। इसमें कुल 5 भागीदार थे जिनका नाम व पता निम्न है-

1. दलीप कुमार पुत्र श्री गुरदास राम, निवासी पापड़ी पीरूमदारा रामनगर, जिला नैनीताल उत्तराखण्ड
2. नवजोत सिंह पुत्र श्री महल सिंह, निवासी जुडका न0 1, कुन्डेश्वरी, काशीपुर, जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड
3. ईशान्त चौधरी पुत्र श्री बलदेव सिंह चौधरी, निवासी पापड़ी , पीरूमदारा रामनगर, जिला नैनीताल उत्तराखण्ड
4. रमनदीप चौधरी पुत्र श्री बलबीर सिंह, निवासी ग्राम सक्खनपुनर, रामनगर, जिला नैनीताल उत्तराखण्ड
5. सचिन कटारिया पुत्र श्री कुलदीप कटारिया, निवासी पापड़ी, पीरूमदारा रामनगर, जिला नैनीताल उत्तराखण्ड

दिनांक 03 सितम्बर 2025 को उक्त 5 भागीदार फर्म से अलग हो गये हैं। और दो नये भागीदार आ गए हैं जिनका नाम व पत्ता निम्न है-

1. अंकुर बंसल पुत्र श्री राजेंद्र प्रसाद बंसल निवासी फजलपुर महरौला, रुद्रपुर जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड
2 राजेंद्र प्रसाद बंसल पुत्र श्री सेवाराम बंसल निवासी फजलपुर महरौला, रूद्रपुर जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड।

# 'पश्चिम बंगाल को भारत से अलग करने की रचि थी साजिश '

**नैनीताल**

अफजल हुसैन फौजी

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने एक बार फिर अपने बयान से सियासी हलकों में हलचल पैदा कर दी है। उन्होंने ममता बनर्जी पर पश्चिम बंगाल को भारत से अलग करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल की जनता इस साजिश को समझ चुकी है और राज्य की धरती हमेशा से राष्ट्रभक्ति की रही है।

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने देश की जनता के भरोसे का जिक्र करते हुए कहा कि लोग नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और अमित शाह की रणनीतिक क्षमता पर विश्वास जताते हैं। उनके अनुसार यही भरोसा देश की राजनीतिक दिशा



तय कर रहा है। धार्मिक संदर्भ जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि शास्त्रों में वर्णित भगवान कलकी के अवतार के साथ सतयुग के आगमन की बात कही गई है। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में वर्तमान राजनीतिक बदलाव को सतयुग की शुरुआत के रूप में देखा जा सकता है।

विपक्ष पर निशाना साधते हुए आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि विपक्ष को आत्ममंथन की जरूरत है। उन्होंने सीधे तौर पर राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष के पद से हटाया जाना चाहिए। उनके मुताबिक, विपक्ष को एक समझदार और सुलझा हुआ नेतृत्व चाहिए जो सत्तारूढ़ दल का प्रभावी तरीके से मुकाबला कर सके।

उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता पार्टी छोड़ चुके हैं और लगातार चुनावी हार, विशेषकर असम और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में, इस बात का संकेत है कि पार्टी को बड़े फैसले लेने होंगे। आचार्य प्रमोद कृष्णम के अनुसार, जब तक कांग्रेस नेतृत्व में बदलाव नहीं होता, तब तक पार्टी की वापसी मुश्किल है।

### चार मंजिला इमारत से गिरकर मजदूर की मौत

**नैनीताल।** बजून क्षेत्र में निर्माण कार्य के दौरान एक मजदूर की चार मंजिला इमारत से गिरकर मौत हो गई। हादसे के बाद साथी मजदूर घायल अवस्था में उसे तत्काल बीडी पांडे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार बिहार निवासी सद्दाम हुसैन पुत्र सगीर हुसैन बजून क्षेत्र में निर्माणाधीन भवन में मजदूरी का कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह चार मंजिल ऊंची इमारत से नीचे गिर गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाल हेम पंत ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।